जून,2023 / भाग-1 /अंक 06

# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर

# मासिक पत्रिका



# विषय वस्तु


1. निफ्ट गांधीनगर की प्लेसमेंट रैंकिंग में उपलब्धि....................................02
2. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 का आयोजन.......................................03
3. आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन..................................................04
4. निफ्ट गांधीनगर, राजभाषा कार्यान्वयन एवं कार्यशाला बैठक....................05
5. मिशन लाइफ : पर्यावरण मंत्रालय: संगोष्ठी का आयोजन.........................06
6. ग्रेजुएशन शो "इम्पल्स" का आयोजन................................................08
7. ग्रेजुएशन शो-"फ़ैसेट" का आयोजन................................................09
8. टी. ओ. टी. प्रशिक्षण.............................................................10

# निफ्ट गांधीनगर की प्लेसमेंट रैंकिंग में उपलब्धि

यह निफ्ट गांधीनगर के लिए बहुत ही गर्व का विषय है की, भारत के सर्वश्रेष्ठ फैशन संस्थानों में से एक निफ्ट गांधीनगर को प्लेसमेंट रिकॉर्ड में रैंक 1 हासिल हुआ है (इंडिया टुडे, जून 24,2023) जो हमारे लिए एक गर्व की बात है | यह उपलब्धि हमें फैशन उद्योग के भविष्य को आकार देने के लिए हमारे प्रयास को जारी रखने के लिए प्रेरित करता है | निफ्ट गांधीनगर महत्वाकांक्षी फैशन डिजाइनरों के लिए सदैव सर्वोत्तम शिक्षा, अत्याधुनिक सुविधाएं और एक उत्तम वातावरण प्रदान करने का प्रयास करता है ।

**TOP 10 COLLEGES WITH BEST PLACEMENT RECORD**

| RANK | COLLEGE | CITY | AVERAGE ANNUAL SALARY |
|---|---|---|---|
| 1 | NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY | Gandhinagar | ₹9,00,000 |
| 2 | NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY | Hyderabad | ₹8,00,000 |
| 3 | NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY | Navi Mumbai | ₹6,12,000 |
| 4 | NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY | New Delhi | ₹6,00,000 |
| 4 | NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY | Bhubaneswar | ₹6,00,000 |
| 6 | NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY | Patna | ₹5,93,000 |
| 7 | NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY | Bengaluru | ₹5,79,000 |
| 8 | NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY | Jodhpur | ₹5,00,000 |
| 9 | NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY | Chennai | ₹4,98,131 |
| 10 | NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY | Shillong | ₹4,90,000 |

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 का आयोजन

जून, 2023 को परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निफ्ट गांधीनगर के निदेशक प्रो. डॉ . समीर सूद द्वारा संकाय के उपस्थित सदस्यों को योग दिवस की शपथ दिलाने के साथ हुई और इसके बाद सहज योग गांधीनगर के श्री राजेश और उनकी टीम द्वारा एक उत्साहवर्धक सत्र आयोजित किया गया । प्रो. डॉ. समीर सूद ने सहज योग गांधीनगर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान सत्र का समापन किया उसके उपरान्त उपस्थित लोगो को ताजे फल और जूस प्रदान किया गया |
















# आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन





प्रो. डॉ. समीर सूद, निदेशक निफ्ट गांधीनगर के मार्गदर्शन में संकाय समन्वयक सुश्री आकांक्षा जैन और श्री ऋषभ कुमार ने मिल कर दिनांक 13 जून से 16 जून 2023 तक iNDEXT-c द्वारा प्रायोजित चार दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम "आर्ट ऑफ इमेज मेकिंग" कारीगरों के लिए स्मार्टफोन फोटोग्राफी पर केंद्रित कार्यक्रम का आयोजन किया |









# निफ्ट गांधीनगर, राजभाषा कार्यान्वयन एवं कार्यशाला बैठक



निफ्ट गांधीनगर निदेशक महोदय प्रो. (डॉ.) समीर सूद जी की अध्यक्षता में निफ्ट, गांधीनगर की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 21.06.2023. को संपन्न हुई बैठक में संयुक्त निदेशक, वरिष्ट सहायक निदेशक व सभी विभाग के सी.सी.सदस्य उपस्थित रहे | बैठक में जनवरी-मार्च 2023 को समाप्त तिमाह प्रगति रिपोर्ट की एवं हिंदी के प्रगामी प्रयोग पर समीक्षा की गयी|इसी श्रंखला में सभी कर्मचारियों के लिए द्वीतीय तिमाही की कार्यशाला का आयोजन (22.06.2023) भी किया गया जिसमे सभी ने बढ़- चढ़ के भाग लिया।









# मिशन लाइफ : पर्यावरण मंत्रालय: संगोष्ठी का आयोजन





जलवायु परिवर्तन की समस्या बहुत जटिल और बड़ी है और हममें से अधिकांश लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि जमीनी स्तर पर इससे कैसे निपटा जाए। साथ ही, जलवायु परिवर्तन के भयावह परिणाम भी हमारे सामने मुंह खोले खड़े हैं। इस समस्या को निष्पक्षता से समझने के लिए समय निकालना आवश्यक है शिक्षकों के रूप में, हमें अपने युवाओं को तैयार करना होगा, यही वह पीढ़ी है जो अंततः जलवायु आपदा का खामियाजा भुगतेगी, इसलिए उनके लिए इस मुद्दे से निपटने के सभी संभावित तरीकों की जानकारी होना बहुत महत्वपूर्ण है। हमें युवाओं को पर्यावरण पर हमारे भोजन विकल्पों के प्रभाव के बारे में जागरूक करके उन्हें सशक्त बनाने की आवश्यकता है।“माई प्लैनेट एंड माई प्लेट” युवाओं को अपने दैनिक भोजन की आदतों में उन विकल्पों के बारे में शिक्षित करने का एक प्रयास है जो पर्यावरण पर एक ठोस और तुलनात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। हालाँकि, जब तक व्यापक स्तर पर जागरूकता नहीं बदलती तब तक इसे लागू करना बेहद कठिन कार्य है, इस सेमिनार के जरिये सभी लोगों में पर्यावरण के प्रति सकरात्मक जागरूकता फ़ैलाने का प्रयास किया गया ।









# मिशन लाइफ : पर्यावरण मंत्रालय: संगोष्ठी का आयोजन





हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है और चल रहे जागरूकता अभियान - मिशन लाइफ के हिस्से के रूप में, निफ्ट गांधीनगर ने एक ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। मिशन लाइफ भारत के नेतृत्व वाला वैश्विक जन आंदोलन है जो पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक कार्रवाई को प्रेरित करता है। क्विज़ लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) विषयों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ स्थायी जीवन शैली पर की गयी। सभी लोगों ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और इस जागरूकता अभियान का हिस्सा बनें।









# ग्रेजुएशन शो "इम्पल्स" का आयोजन





07 जून-2023 को फैशन डिज़ाइन विभाग ने तना रिरी ऑडिटोरियम में अपने स्नातक बैच के छा त्रों के काम को प्रदर्शि त करने के लिए ग्रेजुएशन शो 2023 'इम्पल्स' का आयोजन किया | ग्रेजुएशन शो की मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती मोना खंडहार (प्रिंसिपल सेक्रेट्री, इकनोमिक अफेयर्स ऑफ़ गुजरात गवर्नमेंट) एवं निफ्ट गांधीनगर के निदेशक, प्रो. (डॉ.) समीर सूद, के सा थ कार्यक्रम का उद्घाटन किया । प्रो . (डॉ .) समीर सूद ने मुख्य अतिथि का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें, उनके चित्र का स्मृति चिन्ह भेंट किया | पूरे शो की अवधारणा और निर्माण निफ्ट गांधीनगर के छात्रों द्वारा संकाय सदस्यों और प्रो फेसर (डॉ .) समीर सूद, निदेशक, निफ्ट गांधीनगर के मार्गदर्शन में किया गया,इसके दौरान छात्रों ने अपने अपने प्रोजेक्ट को एक फैशन शो के माध्यम से प्रस्तुत किये जो एक अविस्मर्णीय प्रदर्शन रहा।











# ग्रेजुएशन शो-"फ़ैसेट" का आयोजन





07 जून-2023 को एक्सेसरी डिज़ाइन विभाग ने  तना रिरी ऑडिटोरियम में अपने स्नातक बैच के छा त्रों के काम को प्रदर्शि त करने के लिए ग्रेजुएशन शो 2023 'फ़ैसेट' का आयोजन किया | ग्रेजुएशन शो की मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती मोना खंडहार (प्रिंसिपल सेक्रेट्री, इकनोमिक अफेयर्स ऑफ़ गुजरात गवर्नमेंट) एवं निफ्ट गांधीनगर के निदेशक, प्रो. (डॉ.) समीर सूद, के सा थ कार्यक्रम का उद्घाटन किया । प्रो . (डॉ .) समीर सूद ने मुख्य अतिथि का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें, उनके चित्र का स्मृति चिन्ह भेंट किया | पूरे शो की अवधारणा और निर्माण निफ्ट गांधीनगर के छात्रों द्वारा संकाय सदस्यों और प्रो फेसर (डॉ .) समीर सूद, निदेशक, निफ्ट गांधीनगर के मार्गदर्शन में किया गया,इसके दौरान छात्रों ने अपने अपने प्रोजेक्ट को एक डिस्प्ले शो के माध्यम से प्रस्तुत किये जो एक अविस्मर्णीय प्रदर्शन रहा।

















# टी. ओ. टी. प्रशिक्षण





निफ्ट गांधीनगर परिसर की ओर से डिपार्टमेंट ऑफ़ फैशन मैनेजमेंट के संकाय श्री राज कुमार जी ने दिल्ली में आयोजित “डिजिटल मार्केटिंग एंड एनालिटिक्स” नामक टी. ओ. टी. में भौतिक रूप से भाग लिया, इस टी. ओ. टी. का आयोजन दिनांक 26/06/2023 से 28/06/2023 तक सफलता पूर्वक किया गया।



